# चैतीचांद पर निकली झूलेलाल की शोभायात्रा

## सिंधी समाज ने मनाया भगवान का जन्मोत्सव





**भोपाल, 20 मार्च. राजधानी में सिंधी समाज ने शुक्रवार को भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव चैतीचांद धूमधाम से मनाया. इस अवसर पर नादरा बस स्टैंड से भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली.**

शोभायात्रा की शुरुआत अटलराम सिंधी धर्मशाला में भगवान झूलेलाल की पूजा-अर्चना से हुई. शोभायात्रा में मोहल्ला पंचायतों की 20 से अधिक झांकियां शामिल थीं. इनमें संत कंवर राम, राजा दाहिर और शहीद हेमू कालानी के जीवन पर आधारित झांकियां शामिल थींपूज्य सिंधी पंचायत, एयरपोर्ट ने अपने 22 वें वर्ष में विशेष झांकी प्रस्तुत की. शोभायात्रा में महिलाएं ड्रेस कोड में पारंपरिक परिधानों में शामिल हुईं. इस दौरान शोभायात्रा पर ड्रोन से पुष्पवर्षा की गई. सिंधी शहनाई और ढोल-ढमाकों पर श्रद्धालु नृत्य करते हुए चल रहे थे. इधर, संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) में चैतीचांद पर्व पर धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई. इसमें सिंधी टोपी और अजरक पहने युवा छेज नृत्य करते चल रहे थे. सिंधु समाज भवन में शाम को बहिराणा पूजन किया गया. भगवान झूलेलाल की पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा प्रारंभ हुई. शोभायात्रा में संत, महात्मा बग्घी में सवार होकर नागरिकों को आशीर्वाद देते नजर आए. भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव चैतीचांद एवं नव संवत्सर पर बैरागढ़ के एच वार्ड स्थित मंदिर में मेला का आयोजन हुआ. शुक्रवार सुबह 11 बजे पूज्य बहिराणा साहब की ज्योति प्रज्वलित की गई.



# जुमातुल विदा की नमाज हुई, ईदुल फितर आज

## राजधानी की मस्जिदों में अदा की जाएगी ईद की विशेष नमाज

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 20 मार्च. राजधानी में शुक्रवार को जुमातुल विदा की नमाज हुई. शनिवार 21 मार्च को ईद उल फितर का त्योहार मनाया जाएगा. इस दौरान शहर की मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की जाएगी. काजी अली कदर हुसैन ने बताया कि शनिवार की सुबह 7 बजकर 30 मिनट से लेकर 9 बजे तक ईद की नमाज अदा की जायेगी.**

शहर की प्रमुख मस्जिदों ताजुल मसाजिद, मोती मस्जिद और जामा मस्जिद में नमाज-ए-ईद की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. साफ सफाई, लाइटिंग और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं ताकि हजारों की संख्या में आने वाले नमाजियों को किसी तरह की परेशानी न हो. काजी अली कदर ने बताया ईद का मतलब होता है त्योहार और फितर का मतलब होता है व्रत का समापन. यानी रोजेदार एक महीने के व्रत को समाप्त करके त्योहार मनाते हैं. इसमें फितरां का बड़ा महत्व है, जिसका मतलब होता है दान. हर गरीब त्योहार मना सके, इसलिए जरुरतमंदों को जकात यानी दान दिया जाता है.

### कहां-कब होगी नमाज

- ईदगाह - सुबह 7 :30 बजे
- जामा मस्जिद - 7 :45 बजे
- ताजुल मसाजिद- 8 :00 बजे
- मोती मस्जिद-8 :15 बजे
- अन्य मस्जिदें- सुबह 8 :30 बजे

### अशोका गार्डन में दो जमात में होगी नमाज

अशोका गार्डन स्थित सकलैनी जामा मस्जिद कमेटी के अनुसार वहां दो जमात में नमाज अदा की जाएगी. पहली नमाज सुबह 7 :45 बजे और दूसरी 8 :30 बजे होगी, ताकि अधिक संख्या में लोग नमाज अदा कर सकें. शिया समुदाय की मस्जिदों और इमामबाड़ों में भी अलग-अलग समय तय किए गए हैं, जहां सुबह 7 बजे से 9 बजे के बीच नमाज अदा की जाएगी.

## एक नजर में



### नीता सक्सेना की पुस्तक जीवन मंथन का विमोचन

**भोपाल.** मालवीय नगर में आयोजित एक समारोह में नीता सक्सेना की पुस्तक जीवन मंथन का विमोचन हुआ. मुख्य अतिथि कथा वाचक एवं ज्योतिषाचार्य डॉ. निलिम्प त्रिपाठी थे. उन्होंने कहा कि अत्यंत सुंदर सरल व सहज भाव में गजल लिखी है. विशिष्ट अतिथि साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे ने कहा कि 'जिंदगी की विरासत जिंदगी को समर्पित ' जैसी पंक्तियां पुस्तक की सार्थकता है. उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी ने कहा कि नीता की गजल में रेशमी लहजा है,नीता ने विभिन्न विषयों को गजल में लिये है. निराला सृजन पीठ की निदेशक डॉ. साधना बलवटे ने कहा कि सामाजिक चेतना ही गजल को विशिष्ट बनाती है.मध्य प्रदेश लेखक संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. राजेंद्र गट्टानी ने कहा कि पुस्तक की दो गजल ही पूरा दर्पण है. वरिष्ठ गीतकार डॉ.राजेंद्र शर्मा अक्षर ने कहा कि लेखक को अपनी पुस्तक को समाज तक पहुंचाने से संतुष्टि मिलती है. प्रांताध्यक्ष हिंदी लेखिका संघ अध्यक्ष डॉ. साधना गंगराड़े ने कहा कि जीवन में अनकहे शब्दों को गजल व्यक्त करती है. नीता ने बहुत कम शब्दों में बहुत सारा कह दिया है. वरिष्ठ साहित्यकार श्याम बिहारी सक्सेना व सुधा सक्सेना ने भी विचार व्यक्त किए. संचालन नितेश व्यास ने किया. कार्यक्रम में विनीत सक्सेना, सुनीता यादव, कुकुंम गुप्ता, प्रतिभा श्रीवास्तव, कमलेश गुल, प्रेमचंद गुप्ता, ओमप्रकाश खुराना, अशोक व्यग्र, अशोक व्यास, मनोज जैन, दिनेश प्रभात,चरणजीत सिंह, अनिता सक्सेना, घनश्याम मैथिल सहित वरिष्ठ साहित्यकार उपस्थित रहे.

# ध्यान पहल से पुलिसकर्मियों का कम हुआ तनाव

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 20 मार्च. पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के मार्गदर्शन में पुलिसकर्मियों में मानसिक संतुलन, आंतरिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भोपाल स्थित पुलिस अधिकारी मेस में विशेष योग और ध्यान सत्र का आयोजन किया गया.**



सत्र का संचालन आध्यात्मिक मार्गदर्शक कमलेश पटेल द्वारा किया गया, जो हार्टफुलनेस संस्थान से जुड़े हैं. इस मौके पर मकवाणा ने कहा कि यह पहल मानसिक शांति और संतुलित जीवन शैली को प्रोत्साहित करने की दिशा में अहम कदम है. उन्होंने बताया कि फरवरी 2025 में संस्थान के साथ हुए समझौते के बाद प्रदेश की पुलिस इकाइयों में ध्यान, योग गतिविधियों को लागू किया गया. पुलिस की 24 घंटे की तनावपूर्ण ड्यूटी को देखते हुए यह पहल तनाव कम करने में उपयोगी सिद्ध हो रही है. उन्होंने बताया कि विश्व ध्यान दिवस पर प्रदेश के लगभग 2800 स्थानों पर पचास हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की सहभागिता एक उपलब्धि रही.

# भारत भवन में आद्या समारोह

- सुदामा की सादगी में दिखा दोस्ती का असली वैभव

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 20 मार्च. भारत भवन के बहुकला केंद्र में आद्या समारोह में शुक्रवार को नाटक सुदामा का मंचन किया गया.** सुश्रुत गुप्ता द्वारा लिखित और वैशाली गुप्ता के निर्देशन में प्रस्तुत इस नाटक ने पौराणिक कथा को आधुनिक रंगभाषा में ढालते हुए उसे आज के समय से जोड़ दिया. कथा सुदामा के संघर्ष, उनकी गरीबी, आत्मसम्मान और कृष्ण के साथ उनके निश्छल स्नेह के इर्दगिर्द विकसित होती है.जब सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर द्वारका जाने का निर्णय लेते हैं और उपहार में साधारण चिउड़ा लेकर निकलते हैं, तब से ही कथा एक भावनात्मक यात्रा बन जाती है.द्वारका पहुंचने पर कृष्ण का अपने मित्र के प्रति सहज प्रेम और आदर दर्शकों के मन को छू जाता है.

## छात्र राज्य नेतृत्व शिविर में शामिल

**भोपाल, 20 मार्च.** एलएनसीटी विश्वविद्यालय, कोलार रोड के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र अभिषेक दास ने राष्ट्रीय स्तर नेतृत्व शिविर, चित्रकूट में भाग लेकर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया. यह शिविर 8 से 15 मार्च तक आयोजित किया गया था. इस शिविर का आयोजन स्वयंसेवकों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सामाजिक सेवा की भावना विकसित करने के उद्देश्य से किया गया था.

## आज डायवर्ट रहेगा ट्रैफिक

नवभारत रिपोर्टर

**शनिवार को ईदगाह और मस्जिदों में नमाज के लिए यातायात पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्ट किया है.**

- भोपाल गेट से तरुण पुष्कर होकर ईदगाह
- गोलघर से परी बाजार होकर ईदगाह
- वीआईपी गेस्ट हाउस ,टीबी अस्पताल होकर ईदगाह

**बसें और सवारी वाहन**

- इंदौर-उज्जैन की तरफ से आने-जाने वाली बसें लालघाटी से नादरा बस स्टैंड की ओर न आते हुए हलालपुर बस स्टैंड तक आवागमन कर सकेंगी.
- राजगढ़ (ब्यावरा) की ओर से आने-जाने वाली बसें लालघाटी से नादरा बस स्टैंड की ओर न आते हुए हलालपुर बस स्टैंड तक आवागमन कर सकेगी.
- रेतघाट से मोती मस्जिद, सदर मंजिल-रायल मार्केट की ओर बीसीएलएल की बसें एवं आम यातायात का आवागमन वीआईपी रोड से हो सकेगा.
- इसी प्रकार लालघाटी कोहेफिजा से इमामी गेट , पीरगेट की ओर बीसीएलएल की बसें एवं आम यातायात का आवागमन वीआईपी रोड से.
- लालघाटी से रायल मार्केट की ओर, रायल मार्केट से मोती मस्जिद की ओर, नादरा बस स्टैंड की ओर सिटी बसें व अन्य बसों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा. नादरा बस स्टैंड से लालघाटी की ओर जाने वाली बसें जेपीनगर तिराहे से करोंद होकर आवागमन कर सकेंगी.

